राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०) उ०प्र०
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226002
e-mail:nulmup@gmail.com, website:www.sudaup.org

पत्रांकः– 929 /241/NULM/तीन/2001(SM&ID)–IV दिनांकः– 15-7-2021

सेवा में,

समस्त सी०पी०ओ०/परियोजना निदेशक,
शहर मिशन प्रबंधन इकाई/डूडा
उ०प्र०।

विषयः–**सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत शहर मिशन प्रबंधक की क्षमता संवर्धन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवर सचिव, भारत सरकार के पत्र संख्या–K-12013(11)/1/2017-UPA-III (9023758) दिनांक 13.07.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त पत्र के माध्यम से सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक के अन्तर्गत शहर मिशन प्रबंधक की क्षमता संवर्धन नेशनल टीम एन०यू०एल०एम० द्वारा दिये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

शहर मिशन प्रबंधक की क्षमता संवर्धन हेतु दिये जाने वाले प्रशिक्षण के लिए आवश्यक है कि शहर मिशन प्रबंधक, सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार एवं आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से निर्गत पी०एम०एफ०एम०ई०–प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के दिशा–निर्देशों का अध्यन प्रशिक्षण से पूर्व कर लें।

भारत सरकार द्वारा उक्त किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय सारणी एवं प्रशिक्षण हेतु लिंक प्राप्त होते ही Whatsapp के माध्यम से अवगत करा दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन श्री ओ०के० सिंह, राज्य मिशन प्रबंधक/टीम लीडर एवं मो० तैयब, राज्य मिशन प्रबंधक द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की स्पष्टता के सम्बन्ध में उक्त राज्य मिशन प्रबंधकों से सम्पर्क किया जाए।

अतः आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित को अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
15/7/21
(आलोक सिंह)
अपर निदेशक

जारी
15-07-21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उ०प्र०।
2. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), उ०प्र०।
3. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा को अनुपालनार्थ।
4. सहायक [illegible] वेब मास्टर, सूडा को अपलोड हेतु।

15/7/21
(आलोक सिंह)
अपर निदेशक